बीएचईएल ने व्यापार उत्कृष्टता के लिए सीआईआई-एक्ज़िम बैंक प्लेटिनम पुरस्कार जीता

नई दिल्ली, 30 नवंबर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने व्यापार उत्कृष्टता की यात्रा में एक और प्रमुख मील का पत्थर प्राप्त किया है। बीएचईएल की चार प्रमुख इकाइयों (हरिद्वार, भोपाल, हैदराबाद और त्रिची) ने सीआईआई-एक्जिम बैंक व्यापारिक उत्कृष्टता पुरस्कार-2021 प्राप्त किया है। बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नलिन सिंघल, की उपस्थिति में इन इकाइयों ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यूरोपीय फाउंडेशन ऑफ क्वालिटी मैनेजमेंट (EFQM) उत्कृष्टता मॉडल पर आधारित है। बीएचईएल की हरिद्वार और भोपाल इकाई को प्लेटिनम श्रेणी पुरस्कार से तथा त्रिची और हैदराबाद इकाई को गोल्ड प्लस श्रेणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीएचईएल वर्ष 2006 में सीआईआई-एक्जिम बैंक पुरस्कार प्राप्त करने वाला प्रथम सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) था।